प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 04.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से आज अजमेर में सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह पर चादर पेश की गई। केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 813 वें उर्स के मौके पर दरगाह शरीफ पर ये चादर चढ़ाई। इसके साथ ही उन्होंने देश में अमन चेन और भाईचारे की दुआ मांगी। इस अवसर पर श्री रिजिजू ने बुलंद दरवाजे से प्रधानमंत्री का संदेश पढ़ा। इसके बाद उन्होंने दरगाह वेब पोर्टल और जायरीन के लिए गरीब नमाज एप भी लॉच किया। इस वेब पोर्टल के माध्यम से दरगाह की घटनाओं की लाईव स्ट्रीमिंग देखी जा सकेगी। साथ ही दरगाह का वर्चुअल टूर भी किया जा सकेगा। इसके अलावा गरीब नवाज़ मोबाईल एप के माध्यम से आवास और जियारत की बुकिंग, चादरों की प्रस्तुति और दान देने की सुविधा भी मिल सकेगी। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, भाजपा के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दिकी, अल्पसंख्यक मंत्रालय के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर कुमार और संयुक्त सचिव श्रेसा सी शाइक मोहीद्दीन भी मौजूद रहे।

.........................................................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने शिल्पकारों से बातचीत भी की। भारत मंडपम में आयोजित यह महोत्सव 9 जनवरी तक चलेगा। विकसित भारत 2047 के लिए आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत का निर्माण थीम पर इसका आयोजन किया गया है। इस महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मज़बूत बनाना, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था का निर्माण और ग्रामीण समुदायों में नवाचार को बढ़ावा देना है। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन और वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। महोत्सव में जीवंत प्रस्तुतियों और प्रदर्शनियों के माध्यम से भारत की समृद्ध धरोहर का प्रदर्शन किया जाएगा। महोत्सव का एक मुख्य लक्ष्य उद्यमिता के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाना है।

.........................................................................................

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल आज डूंगरपुर पंहुचे। उनका खडगदा गांव में एक धार्मिक समारोह में शामिल होने का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा भी उनके साथ रहेंगे।

.........................................................................................

रेल मंत्रालय ने मारवाड बाईपास को विशेष रेल परियोजना घोषित किया है। इसके लिए मंत्रालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस परियोजना के पूरा होने पर मारवाड जंक्शन से जोधपुर की ओर जाने वाली ट्रेनों के इंजन रिवर्सल की जरूरत नहीं पडेगी। इससे संचालन समय की बचत होगी। साथ ही रेल लाईन की क्षमता भी बढेगी।

.........................................................................................

वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना के तहत जालोर से विशेष रेलगाडी आज रामेश्वरम के लिए रवाना होगी। ये रेलगाडी जोधपुर के भगत की कोठी रेल्वे स्टेशन से रवाना होकर पाली के जवाई बांध होते हुए रामेश्वरम जायेगी। देवस्थान विभाग जोधपुर के सहायक आयुक्त ने बताया कि इसमें 776 यात्री सवार होंगे, जो विभिन्न तीर्थ स्थलों की निशुल्क यात्रा कर सकेंगे।

.........................................................................................

प्रदेश में तापमान में थोडी बढोतरी दर्ज हुई है। इससे लोगों को कडाके की सर्दी से राहत मिली है। हालांकि कई स्थानों पर घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। आज वनस्थली में न्यूनतम तापमान 6 दशमलव 4 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा पिलानी, फतेहपुर, दौसा, हनुमानगढ के संगरिया, नागौर, चूरू में भी न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सैल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। इसके अलावा बीते 24 घंटों में वनस्थली, चूरू, भरतपुर, करौली, हनुमानगढ़ सहित कई स्थानों पर कोहरा छाया रहा और तेज सर्दी का असर रहा। राज्य में अगले दो दिन न्यूनतम तापमान में 2 से 3

डिग्री सैल्सियस की बढोतरी की संभावना है। हालांकि नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कल बीकानेर संभाग में कहीं—कहीं हल्की बारिश के आसार है।

..........................................................................................

आज विश्व ब्रेल दिवस मनाया जा रहा है। दृष्टिहीन और आंशिक रूप से दृष्टिहीन लोगों के संचार साधन के रूप में ब्रेल के महत्व के बारे में जागरुकता लाने के लिए हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने ब्रेल प्रणाली के विचारक लुईस ब्रेल की जयंती के अवसर पर चार जनवरी को विश्व ब्रेल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। दृष्टिहीन और आंशिक रूप से दृष्टिहीन लोग पुस्तकें और पत्रिकाएं आदि पढ़ने के लिए ब्रेल भाषा का उपयोग करते हैं। भारत में सरकार ने दृष्टिबाधित लोगों को सशक्त बनाने के लिए, उनके अधिकारों, शिक्षा, रोजगार और समग्र कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं।

..........................................................................................